दिनाक 23.11.2020
प्रेस विज्ञप्ति–23/20

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

पुलिस मुख्यालय में पुलिस झण्डा दिवस 2020 (Police Flag Day) का आयोजन किया गया

आज दिनांक 23–11–2020 को पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ के प्रांगण में प्रातः 10.30 बजे भारत सरकार एवं उ0प्र0शासन द्वारा कोविड–19 के दृष्टिगत निर्गत निर्देशों का अनुपालन करते हुये '**पुलिस झण्डा दिवस**' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस ध्वज को ध्वज स्तम्भ के निकट ससम्मान लाया गया। **श्री एच0सी0 अवस्थी पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 व पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पुलिस ध्वज का अभिवादन किया गया एवं बैण्ड द्वारा 'सारे जहाँ से अच्छा' धुन बजायी गयी।**

श्री एच0सी0अवस्थी पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा गया :–

आज के दिन उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा उनहत्तरवां (69) झण्डा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर हम सभी लोग हमारे ध्वज की गरिमा एवं इसके प्रति अपने दायित्वों का स्मरण करते हैं।

ध्वज हमारे चरित्र का दर्पण एवं गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है, जिसमें हमने देश सेवा एवं लोकसेवा में अपने कौशल, शौर्य एवं कर्तव्य परायणता से अप्रतिम योगदान दिया है, जिसमें सर्वोच्च आत्म बलिदान भी सम्मिलित है। यह ध्वज हमारे लिए प्रेरणादायी है तथा इस ध्वज के फहरने भर से हम सभी में एक नई ऊर्जा का संचार होता है।

20वीं शताब्दी में भारत के राष्ट्रपति द्वारा रंग प्रदान किया जाना सर्वोच्च सम्मान रहा है, जो भारत के किसी भी सैन्य इकाई को दिया जा सकता है। इसे निशान के रूप में भी जाना जाता है, जो एक प्रतीक है, जिसे सभी यूनिट अधिकारियों द्वारा अपनी वर्दी के बायें हाथ की आस्तीन में पहना जाता है। यद्यपि रंग को युद्ध में ले जाने की प्रथा बन्द हो गयी है, लेकिन सशस्त्र एवं पुलिस बलों में आज भी रंग प्राप्त करने, धारण करने और उसके साथ परेड करने की परम्परा जारी है ।

पुलिस ध्वज हमारे गौरवशाली अतीत का जीवन्त प्रतीक भी है। पुलिस विभाग की अहर्निश जन–सेवा, कर्तव्यपरायणता, पराक्रम, शौर्य तथा आत्म बलिदान के अनगिनत दृष्टान्तों के बाद ही पुलिस ध्वज की प्राप्ति होती है ।

उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के वीर जवानों के शौर्य, कर्तव्य परायणता एवं उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा के फलस्वरूप ही भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जी द्वारा सर्वप्रथम उ0प्र0 पुलिस को पुलिस ध्वज एवं रंग प्रदान किया गया था। उ0प्र0 पुलिस **पूरे भारत में प्रथम राज्य पुलिस बल है**, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरूप पुलिस कलर अर्थात **पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है**, जो हम सब के लिए गर्व का विषय है ।

23 नवम्बर 1952 को पुलिस लाइन्स लखनऊ के परेड ग्राउण्ड में वार्षिक पुलिस परेड के अवसर पर राष्ट्र के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा पुलिस एवं पीएसी को कलर प्रदान किये गये। ध्वज का आकार 4 फिट लम्बा एवं 3 फिट चौड़ा है। यह दो रंगो का है, जिसमें ऊपर लाल रंग एवं नीचे की ओर नीला रंग है, मध्य में उ0प्र0 पुलिस का प्रतीक चिन्ह है ।

उत्तर प्रदेश पुलिस कमीशन (1960–61) की रिपोर्ट में पुलिस मुख्यालय को इलाहाबाद(वर्तमान प्रयागराज) से लखनऊ स्थानान्तरित करने की संस्तुति की गयी थी। इसके बाद उ0प्र0 पुलिस विभाग में विभिन्न इकाईयों का आविर्भाव हुआ है, जिससे यह विभाग एक समग्र और सम्पूर्ण रूप से जनता की सेवा में तत्पर है। इसी श्रंखला में समय–समय पर पुलिस विभाग में सीबीसीआईडी, सतर्कता अधिष्ठान, ई0ओ0डब्ल्यू0, तकनीकी सेवायें, लॉजिस्टिक्स, यातायात निदेशालय इत्यादि इकाईयां लखनऊ में

स्थापित की गयीं तथा एस0टी0एफ0, ए0टी0एस0,112 एवं 1090(वीमेन पावर लाइन) का गठन किया गया है। हाल ही में साइबर थाने, ई0ओ0डब्ल्यू0 थाना, पावर कारपोरेशन थाना एवं विजिलेन्स थाना का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स के गठन एवं पुलिस फॉरेन्सिक यूनीवर्सिटी की स्थापना हेतु भी कार्यवाही प्रचलित है ।

हाल में **वैश्विक महामारी कोरोना की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में** पुलिस की भूमिका सराहनीय रही है। वर्तमान बदलते परिदृश्य एवं उन्नत तकनीक की सुलभता के युग में अपराध एवं अपराधियों से निपटने के लिए हमको नित नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हमारे प्रदेश की पुलिस ने इन चुनौतियों का डटकर मुकाबला करते हुए अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था कायम करने के साथ–साथ पीड़ित आम जनता के व्यक्तियों के पास सहायता हेतु द्रुतगति से पहुंचकर उन्हें राहत पहुंचाने का काम पूरी कुशलता से किया है। इसके साथ ही हमारी पुलिस साइबर अपराध, आतंकवाद, साम्प्रदायिक तनाव एवं आन्तरिक सुरक्षा जैसी चुनौतियों का भी पूर्ण दक्षता से सामना कर रही है ।

झण्डा दिवस के अवसर पर मैं आप सभी लोगों को स्मरण कराना चाहता हूँ कि जिस कर्तव्यपरायणता, शौर्य, निष्ठा, लगन के कारण उत्तर प्रदेश पुलिस को यह ध्वज प्राप्त हुआ था, उस ध्वज की गरिमा को हमें हमेशा बनाये रखना है।

मैं आप सभी को पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर बहुत बहुत बधाई देता हूँ ।

इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में नियुक्त समस्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

1

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर माननीया राज्यपाल उ0प्र0 को पुलिस झण्डा प्रदान किया गया

श्री एच0सी0 अवस्थी, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनांक 23–11–2020 को माननीया राज्यपाल उ0प्र0, श्रीमती आनंदीबेन जी को पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिस झण्डा प्रदान किया गया। माननीया राज्यपाल महोदया द्वारा पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर सभी पुलिसजनों को शुभकामनाएं दी।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 को पुलिस झण्डा लगाया गया

श्री एच0सी0 अवस्थी, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनांक 23–11–2020 को माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी को पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिस झण्डा लगाया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर सभी पुलिसजनों को शुभकामनाएं दी।